श्री महेश कुमार पश्चिम रेलवे के नये महाप्रबंधक

श्री महेश कुमार ने 9 नवम्बर, 2011 को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पद का कार्यभार ग्रहण किया। श्री महेश कुमार ने 1975 में रुड़की विश्वविद्यालय (अब आई आई टी रुड़की) से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। आप भारतीय रेलवे सिगनल इंजीनियरी सेवा (आईआरएसएसई) 1975 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं।

श्री कुमार को रेलवे के विस्तृत तकनीकी, प्रशासकीय एवं परियोजनागत कार्यों का गहन अनुभव प्राप्त है। अपने विशिष्ट सेवा काल में आपने रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सिगनल), कार्यकारी निदेशक (टेलीकॉम), मंडल रेल प्रबंधक, बैंगलोर, भारतीय रेलवे परियोजना प्रबंधन इकाई नई दिल्ली के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तथा रेलवे बोर्ड में ही अतिरिक्त सदस्य (सिगनल) के महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए विभिन्न चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियों का वहन किया है। श्री महेश कुमार की सर्वाधिक उल्लेखनीय उपलब्धि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर केवल 36 घंटों के न्यूनतम समय में विश्व की सबसे बड़ी रूट रिले इंटरलॉकिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य सम्पन्न करने की है, जिसके लिए इस विशिष्ट उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया।

आप इस उपलब्धि को हासिल करने वाले भारतीय रेलवे के एक मात्र अधिकारी हैं। इसके साथ ही आपको 3-4 घंटों के ब्लॉक में प्रमुख दोहरीकरण परियोजनाओं की स्थापना करने, वर्ष 2010-11 के अभिनव प्रयोग के तौर पर कोहरे के दौरान सुरक्षित ट्रेन परिचालन हेतु मॉडिफाइड ऑटोमैटिक सिगनलिंग शुरू करने, सैटेलाइट के द्वारा यात्री आरक्षण प्रणाली की स्थापना, 139 नम्बर वाली देश की सर्वप्रथम समेकित रेलवे कॉल सेन्टर की स्थापना तथा अत्यंत अल्पावधि वाले ब्लॉक्स में प्रमुख यार्ड रिमॉडलिंग कार्यों को सम्पन्न करने जैसे अनेक अभिनव कार्य करने का श्रेय प्राप्त है। श्री महेश कुमार माननीय रेल मंत्री तथा रेलवे बोर्ड स्तर सहित विभिन्न अवॉर्ड प्राप्त कर चुके हैं। उन्नत रेलवे टेक्नोलॉजी एवं परिचालन के अध्ययन हेतु आपने इंग्लैंड, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस तथा मलेशिया की यात्राएँ की हैं।

हमारे नये प्रधान विभागाध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक

श्री सुनील गोयल
मुख्य बिजली इंजीनियर

श्री काली शंकर
मुख्य भंडार नियंत्रक

डॉ. एच.एम. जैन
मुख्य चिकित्सा निदेशक

श्री वी. के. संगल
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (नि.)

श्री जी. एस. टूटेजा
मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर

श्री नवीन शुक्ला
मंडल रेल प्रबंधक, वडोदरा

श्री विनय बावतीवाले
मंडल रेल प्रबंधक, राजकोट